प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने महाकुम्भ मेले में बढ़ती भीड़ को देखते हुये लोगों को फिलहाल कुछ दिनों के लिए कुम्भ यात्रा नहीं करने की सलाह दी है।

02. रेलवे ने देशभर में 60 रेलवे स्टेशनों पर श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्थायी होल्डिंग क्षेत्र बनाने का निर्देश दिया। सभी स्टेशनों पर बढ़ाई गयी सुरक्षा व्यवस्था।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को भागलपुर में आयोजित समारोह में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की उन्नीसवीं किस्त की राशि जारी करेंगे।

04. और, सीवान जिले तथा इसके आसपास के इलाकों में आज सुबह करीब आठ बजकर तीन मिनट पर भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए।

---

राज्य सरकार ने लोगों से फिलहाल कुछ दिनों के लिए कुम्भ यात्रा का कार्यक्रम नहीं बनाने की अपील की है। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा कि अभी राज्य के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर कुम्भ जाने वाले यात्रियों की अत्यधिक भीड़ के कारण अफरा–तफरी की स्थिति बन रही है। उन्होंने लोगों से भीड़ कम होने के बाद यात्रा का कार्यक्रम बनाने की अपील की है। इधर, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के बाद राज्य के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने रेलगाड़ियों में बढ़ती भीड़ को देखते हुये विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर दिशा–निर्देश जारी किया है। एडीजी रेलवे को सभी स्टेशन पर भीड़ नियंत्रण के उपाय करने, चौबीसों घंटे सीसीटीवी चालू रखने और जीआरपी थानों को चौकस रहने के निर्देश दिये गये हैं। रेलगाड़ियों के आगमन और प्रस्थान के समय विशेष रूप से चौकसी बरतने को कहा गया है। ध्वनि विस्तारक यंत्रों की मदद से यात्रियों को पल–पल की सटीक जानकारी देने को कहा गया है। इसके अलावा ट्रेनों का शीशा तोड़ने और हंगामा करने वालों की पहचान कर तुरंत गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए मै कल्पना झा।

---

पटना जंक्शन पर भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। आरपीएफ के वरिष्ठ कमांडेंट प्रकाश कुमार पांडा ने कहा कि स्टेशन पर सौ अतिरिक्त रेलवे कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

———बाईट———

———————————————————————————

रेलवे ने देशभर के 60 रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्थायी होल्डिंग एरिया बनाने की योजना बनाई है। इसके अंतर्गत रेलवे अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए विशेष मौकों पर भीड़ नियंत्रण के लिए कार्य करेगा। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, यह निर्णय पीक सीजन के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ को संभालने के लिए लिया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि दिल्ली के सभी रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनके सुचारू आवागमन की निगरानी के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस बीच, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अगले एक सप्ताह तक, शाम 4 बजे से  रात 11 बजे तक, प्लेटफार्म टिकट जारी नहीं किए जाएंगे। यह निर्णय यात्रियों के सुगम आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। वहीं, प्रयागराज से पवित्र संगम में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सकुशल वापसी के लिए कल प्रयागराज के विभिन्न स्टेशनों से तीन सौ अडतीस विशेष रेलगाडियां संचालित की गईं। दीपेन्द्र की रिपोर्ट के साथ, समाचार कक्ष से, मुकेश कुमार बल।

———————————————————————————

इधर, महाकुंभ में देशभर के कारीगरों के लिए एक सुनहरे अवसर के रूप में देखा जा रहा है। पवित्र संगम पर आयोजित इस भव्य आयोजन में छह हजार वर्ग मीटर में फैले एक जिला, एक उत्पाद– ओडीओपी की प्रदर्शनी लगाई गई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि यह प्रदर्शनी स्थानीय लोगों और आने वाले श्रद्धालुओं दोनों के बीच काफी लोकप्रिय रही है।

———बाइट———

एक जिला एक उत्पाद पवेलियन में लखनऊ की चिकनकारी, कन्नौज का इत्र, फिरोजाबाद के कांच के खिलौने, रायबरेली के लकड़ी से बने सामान और अन्य हस्तशिल्प उत्पाद प्रमुख आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। हमीरपुर के एक दुकानदार मोंटी ने आकाशवाणी समाचार को हस्तनिर्मित सैंडलों की खासियत बताई। हमारे पास यह सब हेंडी क्राफ्ट होता है और पहनने में बहुत कंफर्टेबल होता है और रेंज बहुत अच्छी होती हैं। बहुत अच्छा अनुभव रहा है, सेल बहुत अच्छा हुआ है यहां पर, लोगों को जानकारी हो रही है हस्तशिल्प की। वहीं, मथुरा से उर्मिला शर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी में बेचे जा रहे श्रीकृष्ण के आभूषण और वस्त्र उनके शहर की संस्कृति को दर्शाते हैं। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट लेकर आई हुई हूं, ओडीओपी में। मेरे प्रोजेक्ट में भगवान के ही  सम्बंधित सारे समान है और मेरी सेल भी अच्छी है। आगंतुक भी पवेलियन में यादगार समय बिता रहे हैं। इस कड़ी में अनुग्रह सिंह ने कहा कि इस प्रदर्शनी से उनका महाकुंभ का अनुभव अधिक आनंदमय हो गया है। ओडीओपी इसकी सजावट, साज–सजा काफी ठीक–ठाक है, दुकानें यहां पे अच्छी स्टाल लगी हुई है। काफी दूर–दूर से आए हुए हैं ये सब। एक जिला, एक उत्पादश पहल हस्तशिल्प और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने का एक अभूतपूर्व प्रयास है। आदर्श के साथ अभिषेक कपिल, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को भागलपुर में आयोजित कार्यक्रम में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की उन्नीसवीं किस्त देश भर के किसानों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर डीबीटी के माध्यम से जारी करेंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने आज भागलपुर में कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में श्री पांडेय ने कहा कि देश के नौ करोड़ लाभार्थी किसानों के बीच यह राशि वितरित की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री किसानों को भी संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अलावा केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी शामिल होंगे।

---

प्रदेश में आज कड़ी सुरक्षा के बीच मैट्रिक की परीक्षा शुरु हुई। राज्य भर में सोलह सौ सतहत्तर परीक्षा केंद्रों पर आज दोनों पालियों में हिंदी, बांग्ला, उर्दू और मैथिली की परीक्षा आयोजित की गयी। इस वर्ष लगभग सोलह लाख परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने कदाचार और नकल मुक्त माहौल में परीक्षा संपन्न कराने के लिए व्यापक इंतजाम किये हैं। बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने आज पटना में कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इधर, बोर्ड ने नेत्रहीन परीक्षार्थियों के लिए कल प्रथम पाली में गणित विषय के बदले गृह विज्ञान की परीक्षा आयोजित करने का निर्णय किया है।

---

सीवान जिले और इसके आसपास के इलाकों में आज सुबह करीब आठ बजकर तीन मिनट पर भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके महसूस होने के बाद लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4 दर्ज की गई है। इसका केन्द्र बिंदु भी सीवान में ही स्थित था।

---

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि दो हजार पच्चीस–छब्बीस का केंद्रीय बजट भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है। श्री यादव ने पटना में केंद्रीय बजट पर एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए कहा कि इसमें बड़ी चीजों के अलावा एमएसएमई, गिग वर्कर, किसान और रेहड़ी पटरी वालों का भी ध्यान रखा गया है। श्री यादव ने कहा कि केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता को व्यक्त करता है, जिसमें देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने का खाका तैयार किया गया है।

———बाइट———

---

भारतरत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्य तिथि पर राजधानी पटना सहित प्रदेशभर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। पटना स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्राहलय में आयोजित राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित अनेक मंत्री और गणमान्य लोगों ने जननायक की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कर्पूरी जी के योगदानों को याद करते हुए कहा कि वे सामाजिक बदलाव के महान प्रनेता थे। श्री सिन्हा ने कहा कि जननायक ने सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए कार्य किया।

———बाइट———

---

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में विकास की गति तेज हुई है और आधारभूत संरचना का बड़े पैमाने पर निर्माण किया गया है।

———बाइट———

---

आगामी विधान सभा चुनावों में एकजुटता व्यक्त करने के लिए आज एनडीए के सभी पांच घटकों का संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन नवादा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल के अलावा जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और लोजपा रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी तथा हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी घटक दलों के नेताओं ने विधानसभा चुनावों को लेकर एक जुट होने की अपील की।

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव हुआ है। राज्य के अधिकतर भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य को औसत न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि की संभावना है।

———बाइट———

---

गया जिले में जिला पदाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाकुंभ के समाप्ति की ओर बढ़ने के मद्देनजर गया स्टेशन और आसपास बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए गए है।

---

पश्चिम चंपारण जिला के नरकटियागंज में गोपालब्रह्म स्थान के पास अपराधियों की गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

---

सहरसा जिले के दिवारी स्थान में पहली बार दो दिवसीय राजकीय विषहरा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव का उद्घाटन स्थानीय सांसद दिनेश चंद्र यादव और जिलाधिकारी वैभव चौधरी ने किया।

---

01. राज्य सरकार ने महाकुम्भ मेले में बढ़ती भीड़ को देखते हुये लोगों को फिलहाल कुछ दिनों के लिए कुम्भ यात्रा नहीं करने की सलाह दी है।

02. रेलवे ने देशभर में 60 रेलवे स्टेशनों पर श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्थायी होल्डिंग क्षेत्र बनाने का निर्देश दिया। सभी स्टेशनों पर बढ़ाई गयी सुरक्षा व्यवस्था।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को भागलपुर में आयोजित समारोह में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की उन्नीसवीं किस्त की राशि जारी करेंगे।

04. और, सीवान जिले तथा इसके आसपास के इलाकों में आज सुबह करीब आठ बजकर तीन मिनट पर भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए।

---

समाप्त